हरिभूमि

# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि

रोहतक, बुधवार, 16 जुलाई 2025

13 नशाखोरी और सड़क दुर्घटनाओं का आपस में...



14 घरों में कैद महायचान के लोग, गली में 4 दिन से 3...



**खबर संक्षेप**

### सिहोर में जागरूकता शिविर आयोजित

**कनीना।** पीएचसी धनौंदा के अंतर्गत मंगलवार को सिहोर गांव में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें डॉ. दीक्षा शर्मा ने ग्रामीणों से लिंग अनुपात में सुधार लाने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि महिला एवं बाल विकास अधिकारी सहित अन्य महिला कर्मी भी इस कार्य में सामूहिक रूप से सहयोग करें। उन्होंने कहा कि सरकार के आदेशानुसार बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, सहेली कार्यक्रम की शुरूआत की जा चुकी है। जिसमें स्वास्थ्य विभाग के अलावा आशा वर्कर व आंगनबाड़ी वर्कर को जरूरी दिशानिर्देश दिए गए हैं।

### गुढ़ी निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग लापता

**कनीना।** गांव गुढ़ा निवासी 70 वर्षीय बुजुर्ग सांवत सिंह घर से लापता हो गया। उसके पुत्र रविंद्र सिंह ने सदर थाना पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रतिदिन घर के नजदीक चहल कदमी करता था। शनिवार को सुबह करीब 11 बजे वह गांव के बस स्टैंड की ओर चला गया। जानकारी मिलने पर परिजनों ने कुर्ता पजामा व पैरों में हवाई चप्पल पहने सावंत सिंह की तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं लगा। सदर थाना इंचार्ज सज्जन सिंह ने कहा कि सांवत सिंह के गुमशुदा होने का केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।



### पीजी कॉलेज में फिजिकल काउंसलिंग आज

**नारनौल।** राजकीय महाविद्यालय में स्नातक प्रथम वर्ष की रिक्त व छूटी हुई सीटों पर फिजिकल काउंसलिंग 16 जुलाई को की जाएगी। जिसका समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 1:30 बजे तक का रहेगा। वे सभी अभ्यर्थी जिन्होंने पहले ऑनलाइन आवेदन किया था, लेकिन अब तक प्रवेश नहीं ले पाए हैं या जिनका नाम वेटिंग सूची में आया था, वे निर्धारित समय पर समस्त आवश्यक दस्तावेजों की मूल व सत्यापित प्रतियों के साथ उपस्थित होकर प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

### अवैध हथियार दिखाने के मामले में आरोपित काबू

**नारनौल।** आपस में हुई कहासुनी को लेकर अवैध हथियार दिखाने के मामले में कार्रवाई करते हुए थाना सदर पुलिस ने आरोपित संदीप वासी बड़कोदा को गिरफ्तार किया है। आरोपित को न्यायालय में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया गया है। पुलिस ने आरोपित से एक अवैध देसी पिस्टल बरामद किया है। मामले में पुलिस ने चार जिंदा कारतूस मौके से बरामद किए थे। शिकायतकर्ता राजू निवासी बड़कोदा ने थाना सदर में शिकायत दी कि 13 जुलाई की शाम को वह उसके दोस्त के साथ बैठा था। इतने में संदीप शराब के नशे मे वहा आया और बोला कि आज एक मर्डर करना है। इतना कहकर उसने शिकायतकर्ता पर रिवाल्वर तान दी।

# 5 साल बाद भी 11 रिजक्ट, 14 पर लगा ऑब्जेक्शन, महज 7 कॉलोनी वैध होने की संभावना

- नगर परिषद प्रशासन का दावा...जिन 14 पर लगा ऑब्जेक्शन, उनकी खामियों को दूर कर दोबारा भेजी जाएगी फाइल
- साल 2024 के शुरूआती दौर में खामियां दुरूस्त करके भेज गई थी फाइल, फिर कमियां बता रूकी फाइल

सतीश सैनी ▶▶ नारनौल




पिछले पांच साल से इंतजार कर रहे शहर की 34 कॉलोनियों में रहने वाले लोगों को अभी ओर इंतजार करना पड़ेंगा। उनकी कॉलोनी जो अभी अवैध की श्रेणी में शामिल है, उन्हें वैध करने के लिए नगर परिषद प्रशासन ने जो रिपोर्ट तैयार करके उच्च अधिकारियों के पास भेजी थी, उनमें कमियां मिली है। इन कमियों को दूर कर फिर से अप्रूव्ल के लिए फाइल भेजी जाएगी। जो नगर निकाय विभाग से रिपोर्ट स्थानीय नगर परिषद को मिली है, उसके मुताबिक 34 में से 11 रिजक्ट लिस्ट में कॉलोनी है। महज सात कॉलोनियों के वैध होने की संभावना है। यहीं नहीं, 14 ऐसी कॉलोनी है, जिन पर फिर से ऑब्जेक्शन लगा दिया गया है। नगर परिषद प्रशासन इन ऑब्जेक्शन को हटाकर दोबारा फाइल भेजने की तैयारी में जुटा है। आपको बता दें कि शहर की अवैध कॉलोनियों को वैध करने की तैयारी पांच साल से लगातार जारी है। बीते साल की बात करें तो 2024 के शुरूआती दौर में डीएमसी महावीर सिंह ने प्रयास किए थे। उन्होंने इन कॉलोनियों को वैध करवाने के लिए फाइल उच्च अधिकारियों के पास भेजी थी। इसके बाद लोकसभा, फिर विधानसभा चुनाव होने की वजह से मामला रूक गया। फिर हरियाणा में नगर निकाय के चुनाव हो गए। इस बहानेबाजी के बीच भी लंबा समय गुजर गया। शहर की कॉलोनियों को वैध नहीं किया गया। इसका हर्जाना वह लोग भुगत रहे है, जिन्होंने जाने अनजाने में ऐसी कॉलोनी में प्लाट और फिर मकान का निर्माण कर लाखों रुपये खर्च कर दिए। जब अन्य सुविधाओं की बात आई तो उसके लिए कॉलोनी वैध होने का सरकारी फरमान सामने आया। इस वजह से आमजन से जुड़े कार्य जैसे सीवरेज लाइन, पेयजल लाइन, बिजली व्यवस्था की कमी तो खल ही रही है। बहुत से ऐसे लोग है जिन्होंने प्रोपर्टी डीलरों के झांसे में आकर बिना रजिस्ट्री ही मकान का निर्माण कर लिया। अब उन्हें परेशानियों का सामन करना पड़ रहा है।

### इन 14 कॉलोनी को वैध करने में लगाया ऑब्जेक्शन

| कॉलोनी का नाम | एकड़ |
|---|---|
| दयानगर एक्सटेंशन कॉलोनी | 50.93 |
| मालीटिबा एक्सटेंशन कॉलोनी | 32.41 |
| अमृतधारा कॉलोनी | 29.65 |
| एम्पलाइ कॉलोनी एक्सटेंशन | 23.98 |
| एमबीसीसी कॉलोनी | 10.56 |
| सुभाषनगर कॉलोनी एक्सटेंशन | 9.1 |
| रामकरणदास एक्सटेंशन | 17.45 |
| परशुराम एक्सटेंशन कॉलोनी | 32.73 |
| सनसाइन कॉलोनी | 25.55 |
| राधा कॉलोनी | 33.74 |
| हीरा नगर | 27.72 |
| शीला कॉलोनी | 7.30 |
| रघुनाथ नगर | 11.37 |
| सरस्वती कॉलोनी | 16.78 |

### यह 11 कॉलोनी को वैध करने की फाइल हुई रिजेक्ट

| कॉलोनी का नाम | एकड़ |
|---|---|
| पुरानी मंडी कॉलोनी | 2.76 |
| हरीनगर कॉलोनी | 29.40 |
| जलमहल कॉलोनी | 23.64 |
| केआईडीएस कॉलोनी | 7.89 |
| शादीराम कॉलोनी | 4.35 |
| अग्रसेन एक्सटेंशन कॉलोनी | 10.83 |
| केशवनगर एक्सटेंशन | 29.03 |
| ममता कॉलोनी | 8.62 |
| कुलताजपुर रोड कॉलोनी | 35.69 |
| सुभाषनगर कॉलोनी | 26.79 |
| यूरेका कॉलोनी | 13.44 |

### क्या कहते हैं एमई

*इस संबंध में नगर परिषद के एमई सोहनलाल ने बताया कि 34 कॉलोनी को वैध करने के दस्तावेज भेजे हुए थे। उनमें से सात वैध होने की संभावना है। 14 कॉलोनी के दस्तावेजों में कुछ खामियां थी, उन पर लगे ऑब्जेक्शन को दुरूस्त करके फाइल दोबारा भेजी जा रही है। प्रयास रहेगा कि जल्द से जल्द यह कॉलोनियों अप्रूव्ड हो जाए ताकि शहर में चल रहे विकास कार्यों में तेजी आ सके।*

### यह 7 कॉलोनियों से हट सकता है अवैध का ठप्पा

| कॉलोनी का नाम | एकड़ |
|---|---|
| दीवान कॉलोनी | 9.13 |
| नीलकण्ड कॉलोनी | 50.68 |
| कैलाशनगर एक्सटेंशन | 26.46 |
| आरकेपुरम कॉलोनी | 32.07 |
| गणेश कॉलोनी | 111.25 |
| खेतानाथ कॉलोनी | 8.82 |
| रामनगर कॉलोनी | 58.64 |

## वाटर रिचार्ज प्रोजेक्ट से महेंद्रगढ़ व सतनाली के किसानों को होगा फायदा

# जल प्रबंधन, संरक्षण व भंडारण की योजनाओं से जल स्तर में होगा सुधारः चौधरी धर्मवीर सिंह

## सरकार सभी क्षेत्रों में समानुपातिक विकास को प्रतिबद्धः कंवर सिंह यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़



महेंद्रगढ़। केंद्रीय विश्वविद्यालय में रिचार्ज परियोजना का उद्घाटन करते सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

अटल भूजल योजना के तहत सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने मंगलवार को वाटर रिचार्ज के क्षेत्र में जिले को कई बड़ी सौगात दी। सांसद ने हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में दोहान नदी क्षेत्र में वाटर रिचार्ज प्रोजेक्ट का उद्घाटन किया तथा कई अन्य परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इस मौके पर महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव, केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रोफेसर टंकेशवर कुमार भी मौजूद थे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में चल रही हरियाणा सरकार पानी को लेकर बहुत गंभीर है। सरकार ने दक्षिणी हरियाणा की भौगोलिक स्थिति को देखते हुए जल संरक्षण के लिए ये अहम प्रोजेक्ट यहां दिए हैं। इससे जल स्तर में सुधार होगा। महेंद्रगढ़ के विधायक कंवर सिंह यादव ने कहा कि हरियाणा सरकार प्रत्येक क्षेत्र में समानुपातिक विकास करवाने को प्रतिबद्ध है। सिंचाई विभाग के एसई राजेश खत्री ने सभी प्रोजेक्ट के बारे में मुख्य अतिथि को जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम अनिल कुमार यादव, हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रोफेसर सुनील कुमार, एक्सईएन प्रमोद शर्मा, एक्सईएन आशुतोष यादव के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे। सांसद चौधरी धर्मवीर सिंह ने कई महत्वपूर्ण जल संरक्षण और सिंचाई परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं का उद्देश्य क्षेत्र में जल संरक्षण को बढ़ावा देना, भूजल स्तर को रिचार्ज करना और किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं में सुधार करना है। ग्राम पथरवा में जवाहरनगर और नंगला में जल निकायों का निर्माण होगा। जड़वा डिस्ट्रीब्यूटरी के 8.830 एल पर 460.13 लाख रुपये की लागत से यह योजना जल संरक्षण और भूजल स्तर को रिचार्ज करने के लिए है। इससे पथरवाए जवाहरनगर व नंगला गांवों के 600 एकड़ क्षेत्र को लाभ होगा। जड़वा डिस्ट्रीब्यूटरी के 5.680 किमी एल पर 258.63 लाख रुपये की लागत से निर्मित यह टैंक स्प्रिंकलर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई सुविधाएं प्रदान करेगा। इसका उद्देश्य फसल सिंचाई, जल संरक्षण व भूजल स्तर को रिचार्ज करना है।

इससे जड़वा गांव के 450 एकड़ क्षेत्र को लाभ होगा। माधोगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी के 5ण600 किमीध्आर पर 150ण09 लाख रुपये की लागत से यह परियोजना स्प्रिंकलर प्रणाली के माध्यम से सिंचाई प्रदान करेगी। इससे डालनवास गांव के 300 एकड़ क्षेत्र को लाभ होगा। इ4.477. एल किमी पर पम्प हाउस पप्प से माधोगढ़ डिस्ट्रीब्यूटरी से 146.73 लाख रुपये की लागत से यह परियोजना माधोगढ़, डालनवास और राजावास गांवों में जल संरक्षण और भूजल रिचार्ज सुनिश्चित करेगी। इसके साथ ही माधौगढ़ में चार एकड़ में बने वाटर स्टोरेज टैंक कि आरसीसी पाइप लाइन को रजवाहे से जोड़ने के निर्माण कार्य का भी उद्घाटन किया। इन परियोजनाओं से 650 एकड़ क्षेत्र को लाभ होगा। माधोगढ़ ब्रांच के 7.100 एल किमी पर 26.02 लाख रुपये की लागत से यह परियोजना मंडियाली गांव के तालाब को भरने और भूजल स्तर को रिचार्ज करने में मदद करेगी। सतनाली फीडर से अतिरिक्त बाढ़ के पानी को रिचार्ज और सिंचाई के उद्देश्य से छोड़ने के लिए 237.28 लाख रुपये की लागत से दबाव वाली एचडीपीई पाइप लाइन बिछाई जाएगी। इससे गढ़ी और बास गांवों के 400 एकड़ क्षेत्र को लाभ होगा।

### केंविवि में 1.21 करोड़ की लागत से तैयार तीन डैम से 850 एकड़ क्षेत्र को होगा लाभ

*हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में सिंचाई विभाग ने तीन डैम तैयार किए हैं, जिनका विधिवत उद्घाटन हुआ। इस प्रोजेक्ट पर 1.21 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। साथ ही 1200 मीटर क्यूब चैनल बनाई गई है। करीब डेढ़ किलोमीटर में 600 एमएम की पाइप लाइन डाली गई है। अब बारिश में विश्वविद्यालय के वाटर स्टोरेज टैंकों को भरा जा रहा है। सिंचाई विभाग की तरफ से हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में वाटर रिचार्ज के लिए बनाए गए इस प्रोजेक्ट से केंविवि के इन क्षेत्र एवं इस नहर के साथ पांच गांव जाट, पाली, धोली, मालडा तथा लावन आदि गांवों को फायदा होगा। केंविवि के आसपास इन गांवों की कृषि भूमि है। इस कृषि भूमि की सिंचाई ट्यूबवेल पर आधारित है। लगातार भू जल स्तर के नीचे जाने से ट्यूबवेल में पानी कम हो रहा है। कुछ ट्यूबवेल तो बंद हो गए थे। अब वाटर रिचार्ज के बाद दोबारा शुरू हो जाएंगे। इससे लगभग 850 एकड़ क्षेत्र को लाभ होगा।*

### शिक्षकों के बीच होगी शतरंज प्रतियोगिता

**नारनौल।** राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवम प्रशिक्षण संस्थान गुरुग्राम ने 20 जुलाई को शतरंज दिवस के रूप में मनाते हुए शतरंज प्रतियोगिता आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इस बारे में सहायक निदेशक माध्यमिक शिक्षा विभाग की ओर से प्रदेश के सभी जिला शिक्षा अधिकारियों, खंड शिक्षा अधिकारियों और स्कूलों के प्राचार्यों को आदेश भेजे गए है। आदेश के अनुसार अतिरिक्त निदेशक एससीईआरटी हरियाणा ने की राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के समग्र विकास, उनमें तार्किक चिंतन, एकाग्रता, निर्णय क्षमता और समस्या समाधान जैसी मानसिक क्षमताओं को बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव पहल के रूप में शतरंज प्रतियोगिता आयोजित करने का निर्णय लिया है।

### आधार को नहीं माना जाएगा जन्मतिथि का वैध प्रमाण

**नारनौल।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) की ओर से जारी दिशा-निर्देशानुसार आधार को जन्मतिथि के वैध प्रमाण के रूप में नहीं माना जाएगा। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि यूआईडीएआई व डिजिटल इंडिया पहल के निर्देशों अनुसार हरियाणा सरकार के तहत आने वाले विभाग, बोर्डों व निगम जन्मतिथि सत्यापन के लिए आधार स्वीकार न करें और इसके बजाय संबंधित अधिकारियों की ओर से निर्धारित उपायुक्त दस्तावेजों का उपयोग करें। सरकार के सभी विभागों को प्रोत्साहित किया जाता है कि वे डिजिटल रूप से सुरक्षित क्यूआर कोड के साथ सत्यापन योग्य प्रारूप में दस्तावेज जारी करने पर विचार करें।

## सरपंच के खिलाफ कार्रवाई की मांग, एसपी को सौंपा ज्ञापन

**महेंद्रगढ़।** गांव माजरा खुर्द निवासी पंच सुरेंद्र सिंह की भूख हड़ताल 12वें दिन भी जारी रही। उन्होंने पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपकर गांव की सरंपच के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से पूर्व सरपंच भीमसिंह से वर्तमान पंचायत द्वारा चार्ज लेते समय बैंक खाते की कॉपी, पंचायत खाते की एफडी, पंचायत के लेजर रजिस्टर के अनुसार की सत्यापित प्रति, जनवरी 2023 से जून 2023 तक



पंचायत फंड से किए गए प्रस्ताव की कॉपी, बिल व कूटेशन की सत्यापित कॉपी, गांव में ब्लॉक समिति व जिला परिषद से किए गए विकास कार्यो की कॉपी, ब्लॉक समिति व जिला परिषद फंड का पैसे खर्च करने वाले अधिकारी का पद और नाम, विधायक फंड से ग्राम पंचायत में हुए खर्च का ब्यौरा, विधायक फंड के लिए दिए प्रस्ताव की प्रति, विधायक फंड खर्च के लिए प्रस्ताव, बिलों व मद की सत्यापित कॉपी तथा ग्राम पंचायत द्वारा शराब ठेका निषेध का प्रस्ताव की कॉपी मांगी गई थी। लेकिन ग्राम पंचायत की ओर से दो साल बीत जाने के बाद उन्हें सूचना उपलब्ध नहीं कराई गई।

## प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में आज बंद रहेंगे प्राइवेट स्कूल

**नारनौल।** जिले में 16 जुलाई को सभी प्राइवेट व प्ले स्कूल बंद रहेंगे। यह बंद हिसार जिले में हुई एक प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में किया जा रहा है। इस बारे में प्राइवेट व प्ले स्कूल संचालकों की ऑनलाइन बैठक हुई। बैठक के बाद सभी ने एकजुट होकर बंद रखने का फैसला लिया। हिसार के बास बादशाहपुर गांव के एक निजी स्कूल में छात्र की ओर से प्रिंसिपल की हत्या के विरोध में मंगलवार को विभिन्न यूनियनों के सदस्यों ने ऑनलाइन बैठक की। बैठक की जानकारी देते हुए प्ले स्कूल एसोसिएशन के प्रधान विपिन सैनी ने बताया कि गुरु व शिष्य का संबंध अत्यंत पवित्र होता है, लेकिन हिसार जिले में हुई हालिया घटना ने पूरे शिक्षक वर्ग को भयभीत कर दिया है। क्या अब शिक्षक यह सोचकर स्कूल जाएंगे कि वे घर लौट भी पाएंगे या नहीं। उन्होंने कहा कि वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि आरोपित छात्र ने चाकू से हमला करने के बाद गाली गलौज भी की। ऐसी घटना से शिक्षक डरे हुए हैं कि स्कूल जाने के बाद भी क्या घर वापस पहुंच पाएंगे। इसके विरोध में पूरे प्रदेश के निजी स्कूल संचालकों ने अपने स्कूल बंद रखने का फैसला लिया है।



नारनौल। लघु सचिवालय में प्रदर्शन करते रिटायर्ड कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## रिटायर्ड कर्मचारियों ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

**नारनौल।** रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा की जिला इकाई ने मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष बारिश होने के बावजूद लगातार तीन घंटे तक धरना प्रदर्शन किया। जिसकी अध्यक्षता रिटायर्ड कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने की। मंच संचालन जिला सचिव रोशनलाल ने किया। इस मौके पर जिला प्रभारी धर्मपाल शर्मा, राज्य प्रदेश सचिव, जगनलाल निनानिया पूर्व उपप्रधान विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर प्रधान घनश्याम शर्मा ने रिटायर्ड कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य व केंद्र सरकारों के लाखों सेवानिवृत्त लोगों में वित्त विधेयक 2025 के भाग चार में पेश किए गए प्रतिगामी प्रावधानों से बेचैनी पैदा की है, जो एक खतरनाक मिसाल कायम करता है। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिक संगठन के जिला प्रधान दुलीचंद शर्मा, हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ के पूर्व प्रधान शेरसिंह यादव, सर्व कर्मचारी संघ के जिला प्रधान कौशल यादव, राहुल सारवन, सुजान मालड़ा व छाजूराम ने धरने को संबोधित किया। प्रदर्शन के बाद सीटीएम को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा।

# सीवर की मरम्मत सही नहीं होने से आमजन व दुकानदार परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग की लचर कार्यप्रणाली के कारण आमजन एवं व्यापारियों को बड़ी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। विभाग की कार्यप्रणाली ऐसी है कि चांदुवाड़ा की गली लगभग 20 दिनों से अवरूद्ध हो रही है और विभाग को इसकी कोई परवाह नहीं है। परेशान लोग बार–बार शिकायत करके थक चुके हैं, लेकिन सही ढंग से समाधान नहीं किया जा रहा। गौर हो कि वाल्मीकि चौक से चांदुवाडा की ओर जाने वाली शहर की प्रमुख सड़क पर सूरज बोहरा के प्रतिष्ठान एवं डॉ. राजेंद्र प्रताप नरूला के मकान के सामने पिछले कई सालों से सीवरेज





नारनौल। मोहल्ला चांदुवाड़ा में अधूरी पड़ी सड़क व गुरुनानकपुरा में छोड़ा गया अधूरा गड्ढा। फोटो : हरिभूमि

ओवरफ्लो होने के कारण व्यापारी व आमजन परेशान थे। सड़कों पर बहते हुए सीवरेज के बदबूदार पानी के कारण घरों में रहना व दुकानों पर बैठना मुश्किल हो रहा था। विभाग से काफी मिन्नतें की गई, उच्च अधिकारियों तक शिकायतें की गई, परंतु विभाग के अधिकारियों ने कोई समाधान नहीं किया था। इस समस्या के समाधान के लिए जब सीवर विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी करीब डेढ़–दो माह पहले होदी की खुदाई की गई, लेकिन इससे भी समस्या हल नहीं हुई। फिर सड़क तोड़कर नई सीवर लाइन डालने का कार्य शुरू किया गया, लेकिन कमाल की बात है कि सड़क तोड़े करीब 20 दिन हो चुके हैं और लाइन को भी दबा दिया गया है, लेकिन अब सड़क को सही नहीं किया जा रहा। बस उसे मिट्टी डालकर रामभरोसे छोड़ दिया गया है, जबकि पिछले करीब 20 दिनों से समूचे इलाके में बार–बार बरसात भी हो रही है। इस खुदाई का सारा मलबा सड़कों पर खुले में पड़ा हुआ है। बरसात के दिनों में भारी कीचड़ होने के कारण लोगों का आवागमन बिल्कुल बंद बना हुआ है। पैदल तो यहां से बगैर कीचड़ में सन्ने निकल ही नहीं सकते। वाहन लेकर जाना भी मुश्किल बना हुआ है। इससे व्यापारी और मोहल्लावासी सभी बुरी तरह परेशान हैं। मानसून के दिनों में मलबे के कारण कीचड़ होने से लोगों का इस सड़क से निकलना दुष्कर हो गया है।

### गुरु नानकपुरा में भी बनी है समस्या

*विभाग की लापरवाही के कारण गुरु नानकपुरा मोहल्ले के निवासियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हाल ही में विभाग द्वारा मोहल्ले की मुख्य सड़क संभवतः पानी की पाइपलाइन और सीवर लाइन की मरम्मत के लिए खोदी गई थी, लेकिन इस कार्य को अधूरा छोड़ दिया गया और खोदे हुए गड्ढे को अब तक नहीं भरा गया, जिससे स्थानीय नागरिकों, विशेषकर बुजुर्गों, बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों को गंभीर खतरा बना हुआ है। बारिश के मौसम में यह गड्ढा और भी खतरनाक हो गया है क्योंकि इसमें पानी भरने से इसकी गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। यहां के लोगों का कहना है कि विभाग को कई बार शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है और न ही कोई कार्यवाही की गई है।*



## रंगीन में दिखेगी धोखे और बदले की कहानी, जारी हुआ पहला पोस्टर

**मुंबई।** प्राइम वीडियो पर विनीत कुमार सिंह की अदाकारी वाली 'रंगीन' नाम की एक नई वेब सीरीज आ रही है। स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी दी है। इंस्टाग्राम पर पोस्ट करते हुए प्लेटफॉर्म ने कैप्शन में लिखा है 'असली आंखें असली झूठ को महसूस कर लेती हैं।' 'अपनी पत्नी के विश्वासघात का पता चलने के बाद, एक सीधा-सादा पति बदला लेने के लिए अंतरंगता की दुनिया में जाता है। अपनी समझ से परे और अनजान, वह ऐसे अनुभवों से गुजरता है जिनमें वह खुद की खोज करता है।' इस सीरीज के नौ एपिसोड हैं जो 25 जुलाई से देखे जा सकते हैं। इससे पहले विनीत कुमार सिंह फिल्म 'छावा' में नजर आए थे।

लाइफ Style



# प्रीति

## पुरुष एक्टर्स की मांग पर नहीं उठता सवाल

एजेंसी ▶▶ मुंबई

हाल ही में अभिनेत्री दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शूटिंग शिफ्ट की मांग को लेकर फिल्म इंडस्ट्री में बहस छिड़ गई है। इस मामले पर कई सेलेब्स ने अपने विचार साझा किए हैं। ऐसे में इस मामले पर अभिनेत्री और बिजनेसवुमन प्रीति झंगियानी ने दीपिका पादुकोण की आठ घंटे की शिफ्ट की मांग का समर्थन किया है।

आपको बता दें दीपिका पादुकोण ने संदीप रेड्डी वांगा की फिल्म स्पिरिट में काम करने के दौरान छह से आठ घंटे की ही शूटिंग करने की डिमांड रखी थी। इसकी वजह यह थी कि वह अपनी बेटी दुआ को भी समय देना चाहती थीं। उनकी इस मांग के बाद उन्हें फिल्म स्पिरिट से रिप्लेस कर दिया गया। उनकी जगह तृप्ति डिमरी को लिया गया। संदीप रेड्डी ने बाद में एक सोशल मीडिया पोस्ट भी की थी, जिसमें दीपिका को भला-बुरा कहा था। इसके बाद इस मामले पर कई सेलेब्स की प्रतिक्रिया आई। प्रीति झंगियानी ने कहा 'मुझे नहीं लगता कि आठ घंटे की शिफ्ट की मांग करना कुछ गलत है। खासकर जब कोई नई मां हो, तब तो यह एक बहुत ही जायज और समझदारी भरी मांग है। आठ घंटे की शिफ्ट दुनिया भर में स्टैंडर्ड मानी जाती है। मैं खुद एक्ट्रेस हूं और मैंने 13 से 14 घंटे तक की शिफ्ट्स की हैं। हमें फिल्म के लिए अपना सौ प्रतिशत देना होता है, यह हम जानते हैं। लेकिन जब पुरुष एक्टर्स छह बजे के बाद शूटिंग नहीं करते या समय से पहले पैकअप मांगते हैं, तो उस पर कोई सवाल नहीं उठता। फिर जब कोई महिला, खासकर एक्ट्रेस, अपने लिए एक सीमित वर्किंग टाइम की बात करती है, तो क्यों इतनी चर्चा और बहस होती है?'

## हॉलीवुड मसाला



## स्ट्रीट फाइटर में निभाएंगे भूमिका...

**लॉस एंजिल्स।** अपने एक्शन के लिए जाने जाने वाले अभिनेता विद्युत जामवाल अब हॉलीवुड फिल्म में अपनी एंट्री करने जा रहे हैं। लाइव-एक्शन फिल्म 'स्ट्रीट फाइटर' की स्टार कास्ट में शामिल हो गए हैं। यह एक प्रतिष्ठित वीडियो गेम फ्रैंचाइजी पर आधारित फिल्म है। विद्युत इसमें धालसिम के किरदार में नजर आएंगे। असल जीवन में मार्शल आर्ट में माहिर विद्युत जामवाल के इस फिल्म में आने से अब उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। धालसिम का उनका किरदार एक चमत्कारी फायर ब्रीथिंग योगी है।





## हैरी पॉटर सीरीज का प्रोडक्शन शुरू, पहला लुक जारी...

**लॉस एंजिल्स।** हैरी पॉटर टीवी सीरीज का प्रोडक्शन शुरू हो चुका है। निर्माताओं ने अधिकारिक तौर पर इसकी पुष्टि की है। सोमवार को स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म एचबीओ मैक्स ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अभिनेता डोमिनिक मैक्लॉघलिन की पहली तस्वीर शेयर कर इसकी जानकारी दी। तस्वीर में अभिनेता खास ड्रेस में हैरी पॉटर जैसे दिख रहे हैं। पहले लुक में देखा जा सकता है कि अभिनेता ने अपने हाथ में एक क्लैपबोर्ड लिया हुआ है। डोमिनिक मैकलॉघिन के ऊपर अब बड़ी जिम्मेदारी है, क्योंकि वह उस भूमिका को निभाने जा रहे हैं, जिसे अभिनेता डैनियल रैडक्लिफ ने निभाया और दर्शकों का दिल जीता। तस्वीर में डोमिनिक, हॉगवर्ट्स स्कूल की ड्रेस में खड़े नजर आ रहे हैं। इसके साथ उन्होंने हैरी पॉटर का गोल चश्मा पहना है।



## ऋतिक के साथ डांस करती दिखीं तृप्ति

**मुंबई।** इन दिनों बॉलीवुड में तृप्ति डिमरी चर्चा में हैं। जल्द ही एक्ट्रेस फिल्म 'धड़क 2' में नजर आएंगी। इसी फिल्म की चर्चा के बीच वह ऋतिक रोशन के साथ डांस करती नजर आईं। सोशल मीडिया पर ऋतिक और तृप्ति के डांस का वीडियो वायल हो रहा है। सोशल मीडिया पर जो वीडियो वायरल है, उसमें तृप्ति डिमरी और ऋतिक रोशन कमाल के डांस मूव्स कर रहे हैं। ऋतिक ने व्हाइट टी-शर्ट और जैकेट पहनी हैं, वहीं तृप्ति भी व्हाइट टॉप में नजर आ रही हैं। एक सीन में तृप्ति के साथ ऋतिक डांस करते हुए दिखते हैं। फिर अगले सीन में तृप्ति अकेली डांस करती हैं। यूजर्स और ऋतिक, तृप्ति के फैंस जब ये वीडियो देखा तो जमकर रिएक्शन भी दिए हैं। कई फैंस ने तो अटकलें भी लगा ली कि दोनों फिल्म कृष की अगली फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं।



## कबीर बहिया ने शेयर की कृति संग फोटो

**मुंबई।** कृति सेनन का नाम पिछले कुछ वक्त से बिजनेसमैन कबीर बहिया के साथ जोड़ा जा रहा है। अक्सर दोनों कई मौकों पर साथ भी देखे गए। लेकिन दोनों में से किसी ने भी अपने रिश्ते को लेकर कुछ भी नहीं कहा। कृति कई इंटरव्यूज में खुद को सिंगल ही बताती रहीं। लेकिन, अब ऐसा लगता है कि दोनों अपने रिश्ते को आधिकारिक करने की सोच रहे हैं। क्योंकि, कबीर बहिया की हालिया स्टोरी तो कुछ ऐसा ही बयां करती है। भारत और इंग्लैंड के बीच इंग्लैंड के लॉर्ड्स में खेले गए टेस्ट मैच के पांचवें दिन कई बॉलीवुड सेलेब्स भी मैच देखने पहुंचे थे। इस दौरान अभिनेत्री कृति सेनन भी अपने रूमर्ड बॉयफ्रेंड कबीर बहिया के साथ इस मैच का लुत्फ उठाते दिखीं। दोनों की कुछ तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर सामने आईं।

## टीवी मसाला



## जेठालाल ने बिना डाइट-जिम के 45 दिनों में घटाया 16 किलो वजन

**नई दिल्ली।** दिलीप जोशी, जिन्हें फैंस जेठालाल के रोल में लंबे समय से चल रहे शो तारक मेहता का उल्टा चश्मा से फैंस पहचानते हैं, जिसे फाफड़ा और जलेबी जैसे ऑयली स्नैक्स से खूब प्यार है। लेकिन, हाल ही में उन्होंने अपने वेट लॉस ट्रांसफॉर्मेशन से फैंस को हैरान कर दिया है। दरअसल, 57 वर्षीय एक्टर ने 16 किलो वजन केवल 45 दिनों में घटाया है। जबकि, हैरानी की बात यह है कि इसके लिए उन्होंने एक्सट्रीम डाइट या जिम में पसीना नहीं बहाया है। जबकि, सिंपल और ओल्ड स्कूल नियमों से वजन घटाया है। दिलीप जोशी ने अपनी सिंपल फिटनेस दिनचर्या को पूरी तरह से दौड़ने पर केंद्रित रखा। उन्हें प्रेरणा 1992 की गुजराती फिल्म 'हुन हुंशी हुंशीलाल' में एक वैज्ञानिक की भूमिका से मिली, जिसमें उन्होंने उस भूमिका को निभाया था। इस रोल को प्रभावशाली ढंग से निभाने के लिए, उन्हें अपना वजन कम करना पड़ा था। इसी वजह से उन्होंने रोजाना 45 मिनट दौड़ने का फैसला किया, जो जल्द ही उनकी ज़िंदगी बदल देने वाली आदत बन गई। इसी रुटीन की बदौलत डेढ महीने में 16 किलो वजन घटाया वो भी बिना किसी ट्रेनर, स्पेशल डाइट और सप्लिमेंट्स के।

### इन सीरियल्स के जरिए मशहूर हुईं दीपिका

**नई दिल्ली।** दीपिका कक्कड़ ने टीवी पर कई सीरियल किए हैं, मगर उन्हें पहचान सीरियल 'ससुराल सिमर का' के जरिए मिली। अब दीपिका कक्कड़ के कॅरियर फ्रंट की बात करें तो इन दिनों हेल्थ



इश्यूज के कारण वह काम नहीं कर पा रही हैं। सीरियल्स में नजर नहीं आ रही हैं। मगर वह यूट्यूब पर अपना लाइफस्टाइल व्लॉग चैनल चलाती हैं। इस व्लॉग में अपनी जिंदगी की हर छोटी-बड़ी बात को साझा करती हैं। अपनी हेल्थ प्रॉब्लम को भी इसी प्लेटफॉर्म के जरिए दीपिका कक्कड़ ने फैंस के साथ साझा किया था। एक्ट्रेस दीपिका कक्कड़ इन दिनों जिंदगी के मुश्किल दौर से गुजर रही हैं। हाल ही में एक्ट्रेस की लीवर कैंसर की सर्जरी हुई। वह इस सर्जरी के बाद ठीक हो ही रही हैं, इसी बीच ब्रेस्ट कैंसर से जुड़ा एक टेस्ट भी करवाया है। दीपिका कक्कड़ कहती हैं, 'मेरी लीवर कैंसर की सर्जरी को लगभग डेढ़ महीना हो गया है। हां, हमने मैमोग्राफी भी की थी, क्योंकि लिम्फ नोड्स थे, तब डॉ. श्वेता ने कहा था कि सेफ्टी के लिए हमें इस टेस्ट को तीन महीने में दोबारा करवाना चाहिए।


## ओटीटी पर इस हफ्ते धमाल मचाएंगी हॉरर-कॉमेडी से भरपूर ये फिल्में-सीरीज

**नई दिल्ली।** हर हफ्ते सिनेमा के तीसरे पर्दे ओटीटी पर ढेरों फिल्में और सीरीज होती हैं। इस कड़ी में इस हफ्ते भी ओटीटी पर कई फिल्में और सीरीज होने जा रही है। जुलाई का आधा महीना खत्म हो चुका है और अब अगले आधे महीने में बड़ी-बड़ी फिल्में भी सिनेमाघरों में रिलीज होगी, जिसमें अजय देवगन की सन ऑफ सरदार 2 भी शामिल हैं। लेकिन, इससे पहले बात करेंगे इस हफ्ते ओटीटी पर धमाल मचाने आ रहीं उन फिल्मों और सीरीज की, जिसका आप फैमिली संग लुत्फ उठा सकते हैं।

**द समर आई टर्न्ड प्रिटी :** अमेरिकी रोमांटिक टीवी सीरीज द समर आई टर्न्ड प्रिटी का तीसरा सीजन आगामी 16 जुलाई को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होने जा रहा है। सीरीज की कहानी बेली और उसकी मां पर बेस्ड है, जिसमें जैकी चुंग, क्रिस्टोफर ब्रिनी, लोला तुंग और रेचल ब्लैंचर्ड जैसे स्टार नजर आएंगे।

**अनटैम्ड :** अगर आपको मर्डर मिस्ट्री फिल्में और सीरीज पसंद हैं तो इस हफ्ते





आपके लिए अनटैम्ड बेहतर ऑप्शन है। यह 17 जुलाई को नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी. योसेमाइट नेशनल पार्क पर बेस्ड यह अमेरिकी मर्डर मिस्ट्री सीरीज है, जिसमें एरिक बाना और सैम नील लीड रोल में हैं।

**स्पेशल ऑप्स 2 :** हिंदी ऑडियंस के लिए इस हफ्ते केके मेनन की मच अवेटेड सीरीज स्पेशल ऑप्स 2 रिलीज होने जा रही है। इसे आप 18 जुलाई को जियो हॉटस्टार भी देख सकते हैं। पहले यह सीरीज बीती 11 जुलाई को रिलीज होनी थी।

**कुबेर :** साउथ सिनेमा से धनुष, नागार्जुन और रश्मिका मंदाना स्टारर फिल्म कुबेर अब थिएटर से उतकर ओटीटी पर आ रही है। बीती 20 जून को रिलीज हुई फिल्म कुबेर ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर 18 जुलाई को आ रही है।

**द भूतनी :** हॉरर-कॉमेडी फिल्मों के शौकीन के लिए फिल्म द भूतनी ओटीटी पर आने को तैयार है। संजय दत्त और मौनी रॉय स्टारर फिल्म द भूतनी को आप 18 जुलाई से जी5 पर देख सकते हैं।

## नई पारी शुरू करने जा रहीं श्वेता तिलोत्तमा के साथ मिलाया हाथ

**मुंबई।** वेब सीरीज 'मिर्जापुर' और फिल्म 'मसान' में बेहतरीन अदाकारी करने वाली अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब नई पारी शुरू करने के लिए तेयार हैं। वह जल्द ही प्रोडक्शन में डेब्यू करेंगी। वह अपनी पहली फीचर फिल्म 'मुझे जान ना कहो मेरी जान' का प्रोडक्शन करने जा रही हैं। इसके लिए उन्होंने 'पाताल लोक' की अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम के साथ हाथ मिलाया है। वैरायटी के मुताबिक फिल्म में विचित्र प्रेम कहानी दिखाई जाएगी और इसमें तिलोत्तमा शोम के साथ श्वेता त्रिपाठी भी होंगी। वैरायटी के मुताबिक श्वेता त्रिपाठी ने कहा 'यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब है। इसलिए नहीं कि बतौर प्रोड्यूसर यह मेरी पहली फिल्म है बल्कि इसकी कहानी की वजह से।' उन्होंने आगे कहा 'प्रेम कहानियां बहुत ही ईमानदारी, खूबसूरती और सूक्ष्मता से बताई जानी चाहिए। चूंकि, इस फिल्म में तिलोत्तमा शोम हैं, इसलिए यह और खास है। वह ना सिर्फ एक बेहतरीन



अभिनेत्री हैं बल्कि वह ऐसी इंसान हैं जिन पर मैं बहुत भरोसा करती हूं। लंबे समय से मैं चाहती थी कि हम साथ में काम करें। उनके बगैर मैं इस प्रोजेक्ट को शुरू नहीं कर सकती।' फिल्म में तिलोत्तमा शोम अहम किरदार निभाएंगी। इसका निर्देशन नेशनल अवॉर्ड जीतने वाले फिल्ममेकर संजय नाग करेंगे।

### पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर छोड़ती है गहरी छाप

## ओम नमः शिवाय के सेट पर धीरज कुमार ने बैन कर दी थी सिगरेट

*नई दिल्ली। फिल्म डायरेक्टर और प्रोड्यूसर धीरज कुमार अब नहीं रहे। उनका 79 की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने 15 जुलाई को कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल में अंतिम सांस ली। ये कौन थे और इन्होंने किन फिल्मों और टीवी शोज को अमर बनाया, आइए जानते हैं। साथ ही पत्नी और बच्चों के बारे में बताते हैं।*



### खुद की शुरू की थी प्रोडक्शन कंपनी


धीरज कुमार का असल नाम धीरज कोचर था। वह एक भारतीय एक्टर, टीवी प्रोड्यूसर और डायरेक्टर थे। उन्होंने 1986 में क्रिएटिव आई लिमिटेड नाम की टीवी प्रोडक्शन कंपनी शुरू की थी। उन्होंने कई बॉलीवुड और पंजाबी फिल्मों में काम किया था।

### टीवी शोज और फिल्में

धीरज कुमार का जन्म 1 अक्टूबर 1944 को हुआ था। इन्होंने 2003 में दूरदर्शन पर प्रसारित हुए घर संसार धारावाहिक में अमर का किरदार निभाया था। लेकिन, इसके पहले उन्होंने ओम नमः शिवाय, श्री गणेश, मिली, हमारी बहू तुलसी, मायका, जय मां वैष्णो, ये प्यार न होगा कम, गणेश लीला, नीम नीम शहद शहद, इश्क सुभान अल्लाह जैसे तमाम टीवी शोज को डायरेक्ट और प्रोड्यूस किया है। धीरज कुमार ने बहारों फूल बरसाओ, हीरा पन्ना, रोटी कपड़ा और मकान, शिरडी के साईं बाबा, मांग भरो सजना, पुराना मंदिर, कर्म युद्ध, क्रांति, बेपनाह जैसी हिंदी फिल्मों में काम किया। इसके अलावा वह फौजी, शेर पुत्तर, सेठी मुराद, चोरन नू मोर जैसी पंजाबी फिल्मों में दिखाई दिए थे।

### पत्नी और बच्चे

धीरज कुमार की शादी जूबी कोचर से हुई थी। उनके दो बच्चे हैं, बेटे का नाम सिद्धांत और बेटी का नाम सिमरन है। धीरज कुमार ने 1996 में आए ओम नमः शिवाय को बनाया था। उन्होंने बताया था कि इसके लिए उन्होंने 9 साल रिसर्च की थी। 1987 में ही उन्होंने इस शो बनाने के लिए शोध शुरू कर दिया था। कई नामी लेखकों के साथ मिलकर इसे तैयार किया था।



### 43 फिल्मों में किया था काम

धीरज कुमार ने 2008 में बताया था कि उन्होंने 43 फिल्मों में काम किया है। जिसमें से 19 पंजाबी हैं। उसमे उन्होंने लीड रोल प्ले किया था। उन्होंने कहा था कि वह 12 एनिमेशन फिल्में बनाने की प्लानिंग कर रहे थे। पहली फिल्म में सालभर का वक्त लगेगा। अब उन्होंने बनाई या नहीं, इसकी जानकारी मौजूद नहीं।

### सेट पर बनाए थे सख्त नियम

धीरज कुमार ने बताया था वह और उनकी पत्नी ओम नमः शिवाय की प्रोड्यूसर थीं। जब वह सेट पर थे तो भगवान शिव के प्रति अपना सम्मान दिखाने के लिए सभी लोग कुछ नियम का पालन करते थे। वो लोग सात्विक भोजन करते थे और वहां स्मोकिंग बैन थी। धीरज कुमार ने बताया था कि वह जिस स्टूडियो में शूटिंग करते थे। वहां भगवान शिव की मूर्ति स्थापित की थी। उनकी जगह कभी बदली नहीं गई। शूटिंग करने से पहले रोजाना उनके सामने पूजा करते और फिर काम शुरू करते थे।

### लिम्का बुक में दर्ज है नाम

मां वैष्णो देवी शो बनाने पर धीरज कुमार ने 2008 में एक इंटरव्यू में बताया था, ऐसे पौराणिक धारावाहिकों की परंपरा और संस्कृति हमारी आत्मा पर गहरी छाप छोड़ती है। हमने 4500 घंटे का प्रोग्राम बनाया है, जिसमें से 700 घंटे तो सिर्फ मैथोलॉजिकल शोज पर ही बनाए हैं। हमारा नाम लिम्बा बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में दर्ज है।

## खबर संक्षेप

### स्टेट बैंक में मासिक ग्राहक सेवा मीटिंग आयोजित

**नारनौल।** रेलवे रोड स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की मुख्य ब्रांच में ग्राहक सेवा मासिक मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता मुख्य प्रबंधक रामनिवास नाहरवाल ने की, जिसमें विशिष्ट अतिथि के रूप में सैनिक अधिकार रक्षक महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त मुनि उपस्थित रहे। इस मौके पर मौजूद ग्राहकों से बैंकिंग सेवा के बारे में विस्तार से चर्चा हुई। मीटिंग में मौजूद कुछ पूर्व सैनिकों ने बैंक के कर्मचारियों एवं मुख्य प्रबंधक के कार्यों की सराहना की और आवश्यक सुझाव भी दिए। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत मुनि ने कहा कि ऐसा आयोजन पूरे भारत में हर शाखा में हर महीने होते रहना चाहिए। खासकर सैनिकों के प्रति इस शाखा में पूरे स्टाफ का सहयोग ग्राहकों के प्रति एक जीता जागता उदाहरण है।

### तिगरा के युवा कर्ण सिंह ने पीपल के लगाए पौधे

**मंडी अटेली।** वर्षा का मौसम शुरू होने पर हरियाली व पर्यावरण को शुद्ध करने के लिए तिगरा गांव की गौचर भूमि में पौधारोपण चला हुआ है। गांव के जागरूक युवा कर्ण सिंह ने पीपल के पांच पौधे लगाएं और सुरक्षा के लिए लोहे की जाली भी लगाई। साथ ही उन पौधों का संरक्षण करने का प्रण लिया कि वह इन पौधों को बड़ा होने तक इनकी देखभाल करेगा। इस मौके पर लाल सिंह थानेदार, समाजसेवी मनोज कुमार, संतोष कुमार, रामवीर, प्रदीप कुमार, मनोज कुमार और स्कूल के बच्चे शामिल हुए।

### हरियाली तीज महोत्सव को लेकर हुई बैठक

**नारनौल।** अग्रवाल वैश्य समाज की महिला विंग की ओर से महिलाओं के प्रमुख पारंपरिक त्योहार हरियाली तीज के उपलक्ष्य में रंगारंग व भव्य हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को अंतिम रूप देने के लिए अग्रवाल वैश्य समाज महिला विंग की बैठक का आयोजन किया गया। अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई की जिला अध्यक्ष पूनम गोयल ने बताया कि यह आयोजन 20 जुलाई को दोपहर तीन बजे श्री अग्रवाल सभा नई मंडी में आयोजित होगा।

### राजकीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति व सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# नशाखोरी और सड़क दुर्घटनाओं का आपस में गहरा संबंध: डॉ. पूर्ण प्रभा

- विद्यार्थियों ने जागरूकता शपथ और रैली निकाली

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

राजकीय महाविद्यालय में यूथ रेडक्रॉस व सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के सौजन्य से नशा मुक्ति और सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान उपायुक्त डॉ. विवेक भारती व जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा के दिशानिर्देशों में किया गया। यूथ रेडक्रॉस नोडल अधिकारी एवं प्रेस प्रवक्ता डॉ. चंद्र मोहन ने बताया कि जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन के साथ स्वास्थ्य विभाग के साथ कंधा से कंधा मिलाकर राजकीय महाविद्यालय में लगातार नशामुक्ति जागरूकता व सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है और नशा के प्रति तथा सड़क सुरक्षा के प्रति विद्यार्थियों व आमजन को जागरूक किया जा रहा है।

इस अवसर पर विद्यार्थियों को जागरूकता शपथ व एक जागरूकता रैली निकाली गई। इस प्रकार के जागरूकता अभियान से विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना जागृत करते हैं। जिला उच्चतर शिक्षा अधिकारी डॉ. पूर्ण प्रभा ने जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। डॉ. पूर्ण प्रभा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशाखोरी व सड़क दुर्घटनाओं का आपस में गहरा संबंध है। नशे में लोग ट्रैफिक नियमों का अनुपालन नहीं करते हैं तथा दुर्घटना के शिकार होते हैं। इन दुर्घटनाओं के कारण घायल होने के साथ साथ कई बार लोगों की जान भी चली जाती है। यदि लोग नशे का शिकार न हों तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें तो बहुत सारी जान बचाई जा सकती है। नशा न सिर्फ शरीर को कमजोर करता है, बल्कि यह समाज व परिवार को भी खोखला करता है। वहीं ट्रैफिक नियमों की अनदेखी जानलेवा साबित होती है। आज के युवा पीढ़ी को इन दोनों मोर्चों पर सजग रहने की जरूरत है।



नारनौल। कार्यक्रम में मौजूद कॉलेज स्टाफ व विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**नशे से दूर रहने का आह्वान**

उप प्राचार्य डॉ. जगजीत सिंह मोर ने बताया कि छात्र छात्राओं को नशाखोरी से होने वाली बीमारियों व घर परिवार के सदस्यों के बीच होने वाले विवाद आदि की विस्तार से जानकारी दी। सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ के नोडल अधिकारी डॉ. सत्यपाल सुलोदिया ने बताया कि जिले में हर साल काफी लोगों की जान शराब पीकर या नशे में गाड़ी चलाने की वजह से हुई सड़क दुर्घटनाओं के कारण जाती है। इसलिए उन्होंने सभी छात्र छात्राओं से किसी भी तरह के नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार के सदस्यों व आसपास के लोगों को नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए नशाखोरी से दूर रहने के लिए प्रेरित करने का आग्रह किया। सीनियर प्रोफेसर डॉ. मुकेश यादव ने सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम के तहत महाविद्यालय की छात्राओं के बीच पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन करवाया। डॉ. सतीश सैनी, डॉ. सोनू जागलान ने जागरूकता कार्यक्रम में हेलमेट पहनने, सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक नियमों का पालन करने की जानकारियां दी।


महेंद्रगढ़। विजेता विद्यार्थियों का करते चेयरमैन हरीश भारद्वाज एवं ज्योति भारद्वाज। फोटो : हरिभूमि

## बीआर स्कूल के विद्यार्थियों ने क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**महेंद्रगढ़।** पीएमश्री राजकीय विद्यालय खेड़ी तलवाना में आयोजित रोड रूल्स-लाइफ टूल्स क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में बीआर आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेहलंग के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पुरस्कार प्राप्त किए। तीसरी से पांचवी कक्षा वर्ग में क्विज प्रतियोगिता में कक्षा चौथी से भाव्य पुत्र राजेश कुमार, भाविक पुत्र रमेश कुमार तथा कक्षा पांचवी से आस्था पुत्री भूपेंद्र सिंह ने पहला स्थान प्राप्त किया। छठी से आठवीं कक्षा वर्ग में क्विज प्रतियोगिता में कक्षा आठवीं से निकिता पुत्री सतेंद्र, कक्षा सातवीं से खुशी पुत्री महेश तथा मुस्कान पुत्री सुनील कुमार ने पहला स्थान प्राप्त किया। वहीं कक्षा सातवीं से खुशी पुत्री महेश ने पोस्टर मेकिंग एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में तीसरा स्थान प्राप्त किया। नौवीं से बारहवीं कक्षा वर्ग में क्विज प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं से भारती पुत्री अनिल, हर्षिता पुत्री सुनील शर्मा तथा अश्वनी पुत्र श्रीभगवान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। कक्षा नौवीं से हर्षिता पुत्री सुनील शर्मा ने पोस्टर एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के चेयरमैन हरीश भारद्वाज ने सभी विजयी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा, टीम भावना और रचनात्मक सोच से विद्यालय को गौरवांवित किया है। इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों में आत्मविश्वास, जागरूकता एवं नेतृत्व क्षमता को विकसित करती हैं। विद्यालय सदैव ऐसे प्रयासों को प्रोत्साहित करता रहेगा।

### गुवानी में किया पौधरोपण



**नारनौल।** गांव गुवानी में रामविलास शर्मा व गोमती देवी ने बाबा गैबीराम के देसी घी का भंडारा आयोजन किया। इस अवसर पर उन्होंने गांव के सार्वजनिक स्थानों पर बड, पीपल, नीम, बेलपत्र आदि के पौधे भी लगाए। उन्होंने कहा कि आज कल पेड़ों की अंधाधुंध कटाई की जा रही, जिससे प्रदूषण लगातार बढ़ता जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधारोपण करते रहना चाहिए, साथ ही उनका संरक्षण भी करना चाहिए, ताकि आने वाली पीढ़ियां स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें।



महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ सदस्य।

## खंडस्तरीय प्रतियोगिता में राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**महेंद्रगढ़।** कस्बा कनीना स्थित राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और युवा पीढ़ी को यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में क्षेत्र के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी रचनात्मकता व ज्ञान का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य खंड स्तर पर सड़क दुर्घटनाओं को कम करने और सुरक्षित यातायात व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए जन जागरूकता फैलाना था। प्रतियोगिता में कई तरह के कार्यक्रम शामिल थे, जिनमें हमारे छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में छात्रों ने सड़क सुरक्षा नियमों और यातायात संकेतों से संबंधित अपने ज्ञान का प्रदर्शन किया। जिसमे कक्षा तीसरी से पांचवी में खुशी ने प्रथम, कक्षा छठी से ध्वज, कक्षा आठवीं से अंश दूसरे एवं 11वीं से अनुज व निधि प्रथम स्थान पर रही पोस्टर मेकिंग में कक्षा पांचवी से रक्षा तथा कक्षा नौवीं से तेजस्वनी ने तीसरा स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। आयोजकों ने विश्वास व्यक्त किया कि यह प्रतियोगिता कनीना खंड में सड़क सुरक्षा के लिए एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी। उन्होंने भविष्य में भी इस तरह के जागरूकता कार्यक्रमों को जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि सुरक्षित सड़कों का निर्माण किया जा सके और दुर्घटनाओं को रोका जा सके। यह पहल निश्चित रूप से कनीना में सड़क सुरक्षा संस्कृति को मजबूत करने में सहायक सिद्ध होगी।

# सूरज कॉलेज की दो छात्राओं ने विश्वविद्यालय की टॉप टेन सूची में पाया स्थान

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर द्वारा स्नातक स्तर की परीक्षाओं में चौथे सेमेस्टर के परिणाम में सूरज कॉलेज के विद्यार्थियों का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। बीएससी मेडिकल की छात्रा उमंग पुत्री विजय सिंह ने 89.20 प्रतिशत अंक लेकर विश्वविद्यालय में दूसरा एवं कॉलेज में प्रथम स्थान, छात्रा तन्नु पुत्री कृष्ण कुमार ने 81.20 प्रतिशत अंक लेकर कॉलेज में द्वितीय एवं निशु कुमारी पुत्री जसविन्द्र 78.20 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स का छात्र प्रशांत कौशिक पुत्र दर्शन कौशिक ने 77.80 प्रतिशत, आरती पुत्री रविन्द्र कुमार ने 77 प्रतिशत, प्राची पुत्री सुरत सिंह ने 75.80 प्रतिशत, मुस्कान पुत्री अजित पाल ने 72.20 प्रतिशत, हिमांशी पुत्री योगवर्थ ने 71.80 प्रतिशत, रितु पुत्री कृष्ण कुमार ने 71.80 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। बीसीए चौथे सेमेस्टर का छात्र


उमंग


तन्नू

निशांत शर्मा पुत्र जयराम शर्मा ने 78.80 प्रतिशत अंक लेकर पूरे विश्वविद्यालय में चौथा स्थान प्राप्त करते हुए कॉलेज में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसी कोर्स की छात्रा वंशिका पुत्री सुरेश कुमार ने 76.20 प्रतिशत, रिया पुत्री हेमंत कुमार ने 75.60 प्रतिशत, गगन पुत्री अनुप कुमार ने 75.20 प्रतिशत, एकता पुत्री सुजान सिंह ने 74.80 प्रतिशत, प्रवीण पुत्र देवेंद्र कुमार ने 73.80 प्रतिशत, रजनी कुमारी पुत्री राजपाल ने 73.20 प्रतिशत, हिमानी तायल पुत्री कपिल कुमार ने 71.80 प्रतिशत, ज्योति कुमारी पुत्री ईश्वर सिंह ने 71 प्रतिशत, शिवा पुत्र पवन कुमार ने 70.80 प्रतिशत, रवि पुत्र अनिल कुमार ने 70.80 प्रतिशत, अजय कुमार पुत्र संदीप कुमार ने 70.40 प्रतिशत, मुस्कान पुत्री अजित सिंह ने 70.20 प्रतिशत, मनीषा पुत्री संजय कुमार ने 70.00 प्रतिशत, चेतन कुमार पुत्र श्रीभगवान ने 69.80 प्रतिशत, आदित्य पुत्र सुनील कुमार ने 69 प्रतिशत, अभिषेक शर्मा पुत्र शेर सिंह ने 68.60 प्रतिशत, पवन कुमार पुत्र कैलाश चंद ने 67.20 प्रतिशत, संजु पुत्री विनोद कुमार ने 65.60 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। कॉलेज प्राचार्य डॉ. सुधाकर गुप्ता ने बताया कि कॉलेज का श्रेष्ठ परिणाम विद्यार्थियों के कठोर परिश्रम व शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। कॉलेज के विद्यार्थी किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं है। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक संदीप प्रसाद ने भी परिणाम पर खुशी जाहिर करते हुए विद्यार्थियों, अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## श्रुति चौधरी के प्रयासों से जिले के किसानों को मिली 1400 लाख की सौगातें: दिपांकन गुप्ता



**नारनौल।** हरियाणा में विकास के पुरोधा पूर्व मुख्यमंत्री स्व. चौ. बंशीलाल एवं पूर्व कृषि मंत्री स्व. चौ. सुरेन्द्र सिंह के नक्शे कदम पर चलते हुए सिंचाई एवं महिला बाल विकास मंत्री श्रुति चौधरी के अथक प्रयासों से जिला महेन्द्रगढ़ के किसानों के हित में विकास की गंगा बह रही है। जिला महेन्द्रगढ़ को 1400 लाख रुपये के सात प्रोजेक्ट से दर्जनभर गांवों में 3250 एकड़ के ज्यादा भूमि में जल संरक्षण और तालाबों को रिजार्च करने हेतु मदद मिलेगी। यह बात किरण समर्थक भाजपा युवा कार्यकर्ता एडवोकेट दिपांकन गुप्ता ने प्रेस के नाम विज्ञप्ति में मंगलवार कही। उन्होंने कहा कि बहन श्रुति चौधरी ने अपने प्रयासों से एवं मुख्यमंत्री नायाब सिंह सैनी के नायाब नेतृत्व में इन सभी प्रोजेक्टों को मन्जूर कर शिलान्यास 15 जुलाई 2025 को कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि महेन्द्रगढ़ जिले के अनेक गांवों को जल संरक्षण हेतु जड़वा एवं डालनवास डिस्ट्रब्यूटरी से जोड़ा जाएगा एवं वहां नहरी पानी के स्टोरेज के लिए वाटर टैंक का निर्माण भी किया जाएगा। माधोगढ़ घाटी एवं सतनाली फीडर से गांव गढ़ी में एचडीपीई (हाई डेन्सिटी पॉलीथिन) पाइप लाइन डाली जाएगी एवं सेंट्रल विश्वविद्यालय ऑफ़ जाट-पाली के क्षेत्र में बहने वाली दोहन नदी को भी रिजार्च करने का प्रोजेक्ट इसमें शामिल है। एडवोकेट दिपांकन गुप्ता के साथ मातादीन गुप्ता, संजय अग्रवाल, मोहित गर्ग, पवन यादव सिहमा, रामबीर पंच डेरोली जाट, मामचंद जाट, मुरारीलाल सैन, योगेन्द्र यादव रामबास, विक्रम यादव, सुरेन्द्र यादव, धनराज शर्मा, धर्मपाल सैनी, रामसिंह गुर्जर, हंसराज अवाना आदि ने सिंचाई मंत्री श्रुति चौधरी का आभार व्यक्त किया।

## श्रीकृष्णा स्कूल में बॉक्सिंग सब जूनियर ट्रायल कल

**महेंद्रगढ़।** श्रीकृष्णा स्कूल महेंद्रगढ़ में सब जूनियर लड़के व लड़कियों की बॉक्सिंग ट्रायल करवाई जाएगी। इस बारे में जानकारी देते बॉक्सिंग खेल प्रशिक्षक महिपाल यादव व कोच उत्तम ने बताया कि 17 जुलाई को श्रीकृष्णा स्कूल में लड़के व लड़कियों की सब जूनियर बॉक्सिंग ट्रायल में सुबह 9 बजे खिलाड़ियों का वजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सब जूनियर ट्रायल में ज्यादा से ज्यादा बॉक्सिंग खिलाडी भाग ले तथा अपने जरूरी कागजात आधार कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, दो फोटो सहित स्कूल खेल परिसर में पहुंचे। उन्होंने बताया कि ट्रायल में विजेता खिलाड़ी प्रदेश स्तर पर भाग लेगा।

# हकेंवि में रिफ्रेशर कोर्स की हुई शुरुआत

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़**

गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में मलवीय मिशन शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम (एमएमटीटीपी) के अंतर्गत इंटरडिसिप्लिनरी लाइफ साइंसेज विषय पर केंद्रित रिफ्रेशर कोर्स का आनलाइन माध्यम से आयोजन किया जाएगा। 26 जुलाई तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देशभर के 17 राज्यों के विभिन्न उच्च शिक्षा संस्थानों से 101 शिक्षकों ने पंजीकरण कराया है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के अंतर्गत सरकार की पहलों, शिक्षण में लचीलापन, बहुविषयक अध्ययन, उद्यमिता के प्रोत्साहन एवं अंतर्विषयी शोध को बढ़ावा देने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने भारत सरकार की बायो-ई 3 नीति की ओर भी ध्यान आकर्षित करते हुए बायोसाइंटिस्ट की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया।


महेंद्रगढ़। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में विश्वविद्यालय के एमएमटीटीसी के निदेशक प्रो. प्रमोद कुमार एवं सह-निदेशक प्रो. तनु गुप्ता ने विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार एवं सभी प्रतिभागियों का हार्दिक स्वागत किया। कार्यक्रम समन्वयक प्रो. सुरेंद्र सिंह ने प्रतिभागियों को पाठ्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि इस कोर्स में जीनोमिक्स, प्रोटीओमिक्स, मेटाबोलोमिक्स, प्रोटियोमिक्स, फंक्शनल फूड एवं न्यूट्रास्यूटिकल्स तथा जीन एडिटिंग जैसे विषयों को शामिल किया गया है। जिससे शिक्षक नवीनतम तकनीकों से परिचित होकर अपने अनुसंधान कार्य में उनका प्रयोग कर सकें। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान देशभर के प्रतिष्ठित विशेषज्ञ संबंधित विषयों पर व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम के अंत में समंवयक डॉ. अनीता कुमारी ने सभी प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।


नारनौल। सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी देते एसएचओ अनिल कुमार।

## सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी: एसएचओ

**नारनौल।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र सूरा के दिशा निर्देशानुसार व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी नीलम कुमारी के मार्गदर्शन में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा अभियान के तहत मंगलवार गांव रघुनाथपुरा फायरिंग रेंज स्थित हनुमान मंदिर परिसर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर एसएचओ यातायात पुलिस अनिल कुमार ने विभिन्न जगहों से आए श्रद्धालुओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि वाहन चलाते हुए हमें सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करना जरूरी है। सड़क पर चलते समय, पैदल यात्री और वाहन चालक दोनों को नियमों का पालन करना चाहिए, ताकि दुर्घटनाओं से बचा जा सके। अधिवक्ता अजय पांडेय ने उपस्थित सभी श्रद्धालुओं से अपील करते हुए कहा कि 18 वर्ष से पूर्व अपने बच्चों से वाहन न चलवाने दें। गाड़ी चलाते समय या सड़क पार करते समय मोबाइल फोन का उपयोग न करें। रेडक्रॉस से डिवीजनल कमांडर टेकचंद यादव ने कहा कि रोड पर लगे यातायात संकेतों का ठीक से ज्ञान न होना, नशा करके गाड़ी चलाना, सीट बेल्ट और हेलमेट का प्रयोग न करना, निर्धारित गति सीमा से अधिक गति से वाहन को चलाना सड़क दुर्घटनाओं का बड़ा कारण है। कार्यक्रम के अंत में सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की शपथ दिलाई।

## *पौधरोपण कर पर्यावरण बचाओ का दिया संदेश*

**नारनौल।** एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत गांव सिहमा में बाबा खेतानाथ गोवंश उपचारशाला में पौधारोपण किया गया। इस अवसर पर मेरा युवा भारत वालंटियर अभिषेक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण को लेकर हम सभी को आगे आना चाहिए और लगाए गए पौधों की समय समय पर देखभाल भी करनी चाहिए। उन्होंने प्रकृति को हरा भरा बनाने को लेकर पर्यावरण प्रेमियों के साथ मिलकर पौधारोपण किया और पर्यावरण बचाओ का संदेश भी दिया। उन्होंने कहा हमें खुशी के हर मौके पर कम से कम एक पौधा जरूर लगाना चाहिए। जिला युवा अधिकारी नित्यांनद यादव ने बताया कि एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत युवा क्लबों के माध्यम से पौधरोपण किया जा रहा है और उनकी देखरेख की जिम्मेवारी भी दी जा रही है, साथ की हर युवा मंडल को 500 पौधे लगाने मा संकल्प भी दिलाया जा रहा है।


महेंद्रगढ़। प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करते स्कूल स्टॉफ

## हैप्पी स्कूल के विद्यार्थियों ने कराटे प्रतियोगिता में जीता गोल्ड

**महेंद्रगढ़।** शहर के डुलाना स्थित हैप्पी एवरग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र अक्षराज बंसल व अंश ने हांसी जय भारत धर्मशाला में आयोजित आल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक प्राप्त कर अपने क्षेत्र, माता-पिता और विद्यालय का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में हरियाणा के विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों के बीच जबरदस्त प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। अंश और अक्षराज ने न केवल अपने शानदार कौशल का प्रदर्शन किया, बल्कि अनुशासन और समर्पण का भी परिचय दिया। विद्यालय के खेल प्रशिक्षक नरेश कोच व प्रिंस कोच ने बताया कि इस प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी 19 से 24 अगस्त तक इंडोनेशिया में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे। विजेता खिलाड़ियों के विद्यालय पहुंचने पर विद्यालय के प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल, उपसंचालिका कौशल्या अग्रवाल व प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने सम्मानित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। विद्यालय के संचालक सुभाष चंद्र अग्रवाल ने खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाते हुए बताया कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। खेलों से न केवल उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा, अपितु विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, सहयोग, भाईचारे और देश के प्रति ईमानदारी का गुण भी विकसित होगा। संस्था के प्रबंध निदेशक मनीष अग्रवाल, मैनेजर चंचल अग्रवाल और प्राचार्य डॉ. जेएस कुंतल ने बताया कि कराटे चैंपियनशिप में भाग लेने से विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से कई लाभ होते हैं। यह न केवल आत्म-रक्षा और फिटनेस में सुधार करता है, बल्कि आत्मविश्वास, अनुशासन और एकाग्रता जैसे महत्वपूर्ण गुण भी विकसित करता है। कराटे में मानसिक और शारीरिक समन्वय, लचीलापन और चपलता में सुधार होता है।

**सार्वजनिक सूचना**

मै बिमला देवी पत्नी रतिराम वासी सहड तहसील बुहाना जिला झुंझुनु राजस्थान बयान करती हूं कि मेरे पुत्र राजकुमार के आर्मी रिकार्ड No-4200076 में मेरा नाम गलती से बिमला Bimala दर्ज हो गया जबकि मेरा सही नाम बिमला देवी Bimala Devi है। नियमानुसार ठीक करें।

### दाखिले के लिए पंजीकरण करने की अंतिम तिथि आज

**महेंद्रगढ़।** गांव जाट पाली स्थित हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय के शिक्षक शिक्षा विभाग में उपलब्ध चार वर्षीय इंटीग्रेटिड टीचर एजुकेशन प्रोग्राम (आईटीईपी) बीए व बीएड सैकेंडरी स्टेज में दाखिले लिए 16 जुलाई तक आनलाइन पंजीकरण कर सकते हैं। विश्वविद्यालय इस पाठ्यक्रम में दाखिले राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित नेशनल कॉमन एंट्रेंस टेस्ट (एनसीईटी)-2025 के आधार पर कर रहा है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेशवर कुमार ने कहा कि शिक्षण के क्षेत्र में भविष्य तलाश रहे युवाओं के लिए चार वर्षीय आईटीईपी पाठ्यक्रम एक बेहतर विकल्प है। हकेंवि में कार्यक्रम की नोडल अधिकारी व शिक्षक शिक्षा विभाग की सहआचार्य डॉ. आरती यादव ने बताया कि आईटीईपी (बीए व बीएड सैकेंडरी स्टेज) में दाखिले के लिए निर्धारित शैक्षणिक योग्यता बारहवीं पास निर्धारित है। पाठ्यक्रम में उपलब्ध 50 सीटों के लिए अभ्यर्थी 16 जुलाई तक आनलाइन पंजीकरण करवा सकते हैं।

### बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज के विद्यार्थियों ने रचा इतिहास

# टॉप 10 में पांच विद्यार्थी बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज से

- श्री कृष्ण आयुष यूनिवर्सिटी की परीक्षा में दीपिका यूनिवर्सिटी टॉपर व सलोनी दूसरे नंबर पर रही

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल**

बाबा खेतानाथ राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय पटीकरा के छात्रों ने श्री कृष्ण आयुष यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र की प्रथम वार्षिक परीक्षा में शीर्ष स्थान हासिल कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। टॉप 10 में यहां के पांच विद्यार्थियों ने स्थान पाया है। वहीं यहां की छात्रा दीपिका यूनिवर्सिटी टॉपर व सलोनी दूसरे नंबर पर रही है। निदेशक डॉ. संगीता ने बताया कि


नारनौल। बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज पटीकरा। फोटो : हरिभूमि

यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि यह कॉलेज मात्र तीन वर्ष पुराना है और इसने 20 वर्ष से अधिक अनुभव वाले अन्य सरकारी और निजी कॉलेजों को पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने प्राचार्य श्रीनिवास गुज्जरवार, उपचिकित्सा अधीक्षक डॉ. पंकज कौशिक, परीक्षा समिति डॉ. अनिल, डॉ ऋतु, डॉ. महेश और अकादमिक परिषद के शिक्षकगण डॉ. ऋतु, डॉ. जितेंद्र, डॉ. कुमार आनन्द व वरिष्ठ शिक्षक डॉ. अशोक, डॉ. सतीश, डॉ. रितेश, डॉ मुनेश के साथ मिलकर एक मजबूत टीम बनाई। इस टीम ने छात्रों की उपस्थिति बढ़ाने और शिक्षण शैली में सुधार के लिए कई प्रभावी कदम उठाए। इस बीच स्वास्थ्य मंत्री और आयुष के महानिदेशक ने कॉलेज को और मजबूती दी। उन्होंने अधिक शिक्षकों को प्रतिनियुक्ति पर भेजा। जिससे शिक्षण व्यवस्था और बेहतर हुई। कॉलेज को इस वर्ष भी अच्छे परिणाम और सीटों की उम्मीद है। बाबा खेतानाथ आयुर्वेदिक कॉलेज की यह उपलब्धि साबित करती है कि सही नेतृत्व, टीम वर्क और मेहनत से कम समय में भी बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं।

डॉ. पंकज कौशिक, उपचिकित्सा अधीक्षक ने बताया इस अस्पताल में सभी चिकित्सा विशेषज्ञों की ओर से क्षेत्र के मरीजों का ईलाज किया जाता है। जिसका लाभ अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले 280 से 350 मरीज उठा रहें हैं। जिसमें उन्हें पंचकर्मा, क्षारसूत्र, अग्निकर्म चिकित्सा व मर्म चिकित्सा प्रदान की जाती है। इस समय अस्पताल में जोडों के रोग, गठिया, पैरालिसीस, सियाटिका, स्पॉण्डिलायटीस, बवासीर, भगंदर, कब्ज, गुर्दे की पथरी, चर्मरोग, शुगर, एसिडीटी, ब्लड प्रेशर, पेट के रोग, स्त्री रोग, बालरोग, माइग्रेन के अलावा अन्य पुरानी बीमारियों का ईलाज निःशुल्क आयुर्वेदिक औषधियां द्वारा किया जाता है।

**खबर संक्षेप**

## पटेल एकता पुरस्कार के लिए आवेदन 20 तक

**नारनौल।** सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार के लिए 20 जुलाई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह जानकारी देते हुए उपायुक्त डॉ. विवेक भारती ने बताया कि सरदार पटेल राष्ट्रीय एकता पुरस्कार भारत की एकता और अखंडता में योगदान के क्षेत्र में सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है। भारत सरकार की ओर से स्थापित इस पुरस्कार की घोषणा राष्ट्रीय एकता दिवस पर 31 अक्टूबर को की जाएगी। धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, स्थान या जन्म, आयु या व्यवसाय के भेदभाव के बिना भारत के सभी नागरिक और कोई भी संस्था या संगठन इस पुरस्कार के लिए पात्र हैं।

# 6 माह में नशीले पदार्थ, शराब, हथियार के मामलों में 169 लोग गिरफ्तार

**खास बातें**

- पुलिस ने 49 पीओ व 23 बेल जंपर भी पकड़े
- साइबर ठगों पर कार्रवाई करते हुए 62 आरोपित गिरफ्तार किए
- यातयात नियमों की उल्लंघना करने पर 17500 से अधिक वाहनों के काटे चालान, 300 से अधिक इंपाउंड


एसपी पूजा वशिष्ठ।

**वांछित आरोपित पकड़े**

उद्घोषित आरोपितों की धरपकड़ के लिए चलाए गए अभियान के तहत पुलिस ने जनवरी से जून माह तक 49 उद्घोषित आरोपियों व 23 बेल जंपरों को पकड़ा। जिनमें ईनामी पीओ भी पकड़े गए। जिन पर पांच हजार रुपये का ईनाम घोषित किया हुआ था।

**हथियार रखने पर कार्रवाई**

पुलिस ने अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आर्म्स एक्ट के तहत 42 मामले दर्ज करते हुए 80 आरोपितों को गिरफ्तार किया। जिनसे पुलिस ने 50 अवैध हथियार व 68 जिंदा कारतूस भी बरामद किए गए।

**अवैध शराब बेचने वालों पर कसा शिकंजा**

आबकारी अधिनियम के तहत 25 मामले दर्ज कर 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। अवैध शराब की करीब 1107 बोतल जब्त की गई। इसके अलावा सार्वजनिक स्थान पर शराब पीकर शांति भंग करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। अवैध शराब का कारोबार करने वालों के खिलाफ पुलिस की ओर से कड़ी कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही पुलिस की ओर से जब्त की गई अवैध शराब की करीब 285 पेटियों को नष्ट कराया गया।

**नशीले पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई**

मादक पदार्थ अधिनियम के तहत 34 मामले दर्ज कर 58 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। जिनसे चूरा पोस्त, डोडा पोस्त, गांजा, स्मैक, हेरोइन इत्यादि नशीले पदार्थ बरामद किए गए। करीब एक क्विंटल 12 किलो नशीले पदार्थ को बरामद कर जब्त किया। इसके साथ ही पुलिस ने अभियान चलाकर युवाओं, ग्रामीणों को नशे के खिलाफ जागरूक कर संदेश दिया। इसके अलावा पुलिस ने करीब 52 किलो नशीले पदार्थ को नष्ट भी कराया।

**यातायात के नियमों के उल्लंघन पर चालान**

ट्रैफिक पुलिस ने यातायात के नियमों की उल्लंघना करने वालों पर कार्रवाई करते हुए 17 हजार पांच सौ से अधिक वाहन चालकों के चालान किए गए हैं और 300 से अधिक वाहनों को इंपाउंड किया गया। ट्रैफिक पुलिस ने अभियान चलाकर वाहन चालकों को यातायात नियमों की पालना करने हेतु प्रेरित किया।वहीं नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्ती करते हुए चालान किए जा रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पुलिस ने जनवरी से जून माह तक अपराधियों की धरपकड़ के लिए काफी मशक्कत करते हुए वारदातों का खुलासा करते हुए जिले में अपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों को पकड़ने में कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने जघन्य अपराधों की वारदातों का खुलासा करते हुए उनमें संलिप्त आरोपियों को गिरफ्तार कर वारदातों को सुलझाया है। अपराधियों की धरपकड़ के लिए मशक्कत करते हुए आर्थिक अपराधों, साइबर अपराधों के मामलों में आरोपितों को गिरफ्तार कर वारदातों का खुलासा करते हुए पर्दाफाश किया।

पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ के नेतृत्व में जनवरी से जून माह तक पुलिस टीमों ने साइबर अपराधों के मामलों में वारदातों को अंजाम देने वाले आरोपितों को गिरफ्तार किया और गिरोह का पर्दाफाश किया। पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जिले में ऐसे बैंक खातों का पता लगाया जो साइबर ठगी की वारदातों में संलिप्त थे। जिनके खिलाफ विभिन्न अन्य राज्यों से काफी शिकायतें थी। ऐसे खातों को सीज कराया गया और खाताधारकों को गिरफ्तार किया गया। इस साल पुलिस की ओर से साइबर ठगी के 22 मामलों को सुलझाते हुए उनमें संलिप्त 62 आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। इसके अतिरिक्त पुलिस की ओर से आर्थिक अपराधों के मामलों, सेंधमारी कर चोरी करने, वाहन चोरी करने व अन्य चोरी के मामलों में आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। इसके साथ ही पुलिस ने लड़ाई झगड़े, धोखाधड़ी, शस्त्र अधिनियम, मादक पदार्थ अधिनियम, आबकारी अधिनियम व अन्य मामलों का खुलासा करते हुए आरोपितों को गिरफ्तार किया।

### शहर में लगातार हो रही बारिश, लोगों के घरों में घुस जाता है पानी

# घरों में कैद महायचान के लोग गली में 4 दिन से 3 फीट पानी

वर्षों बाद भी नगर पालिका नहीं कर पाई समस्या का स्थाई समाधान, पिछले साल खराब हुई थी पनडुब्बी व जरनेटर भी अभी तक नहीं हुआ ठीक।


महेंद्रगढ़। गली में खड़े बरसाती पानी को दिखाते शहर के लोग। फोटो: हरिभूमिफोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

हर साल होने वाली बारिश लोगों को काफी राहत देती है, लेकिन शहर के वार्ड नंबर 13 के मोहल्ला महायचान के लोगों के लिए आफत बन जाती है। बारिश के बाद लोग कई दिन तक घरों में कैद होकर रह जाते हैं। वर्षों बीत जाने के बाद के भी नगर पालिका जलभराव का कोई स्थाई समाधान नहीं निकाल पाई है। बता दें कि शहर के मोहल्ला महायचान की थान वाली गली नीची होने के कारण काफी मात्रा में पानी एकत्रित हो जाता है। इसके अलावा आए दिन सीवर का पानी भी ओवरफ्लो होकर गली में जमा हो जाता है। जिले में पिछले तीन दिन से लगातार बारिश हो रही है। बारिश के बाद गली में करीब तीन फीट पानी खड़ा है।

गली में पानी खड़ा होने के कारण लोग घरों में कैद होकर रह गए हैं। यहां के लागों को वर्षा से इस समस्या का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन सरकार और प्रशासन कोई स्थाई समाधान नहीं निकल पाई। कुछ वर्ष पहले बारिश के पानी की निकासी के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की ओर से पनडुब्बी व जरनेटर लगाया गया था, जिसमें नगर पालिका की डीजल डालकर पानी की निकासी की जाती थी, जिससे लोगों को कुछ राहत मिल जाती थी, लेकिन पिछले पनडब्बी व जरनेटर खराब हो गया था, जिसे ठीक करने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी लेकर गए थे, लेकिन अभी तक पनडुब्बी ठीक होकर नहीं आई हैं।

**सीवर की नहीं हुई ठीक से सफाई**



मोहल्ला निवासी सुरेश देवी ने बताया कि जिला प्रशासन व सरकार की ओर से हमारी समस्या के समाधान के लिए कोई ठोस कदम नहीं हुए उठाए गए। बारिश के समय उनके घरों में पानी घुस जाता हैं। कई दिन गली में पानी खड़ा होने के कारण लोग घरों में कैद हो जाते हैं। अक्सर यहां सीवर लाईन ओवरफ्लों के कारण भी जलभराव होता हैं। अधिकारियों ने बरसात के मौसम से पहले सीवर लाईन की सफाई करा दी होती तो पानी की कुछ निकासी हो जाती। पानी खड़ा होने से मच्छर-मक्खी आदि पनपते है। जिससे मौहल्ले में बीमारी होने का खतरा बना हुआ है। **-सुरेश देवी।**

**प्रशासन को देना चाहिए ध्यान**



मोहल्ला निवासी अशोक लोहमरोड का कहना है कि बरसात होते हीं गली में पानी खड़ा हो जाता है। आने-जाने के लिए गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। अक्सर यहां यहां सीवर लाईन ओवरफ्लों होने के कारण भी जलभराव होता हैं। प्रशासन को इस ओर ध्यान देना चाहिए। कई बार इस बारे में जिला प्रशासन को अवगत कराया जा चुका है। लेकिन उनकी समस्या की ओर से ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जिला प्रशासन को इस समस्या का स्थाई समाधान करना चाहिए।

**-अशोक लोहमरोड।**

**समस्या का कराया जाएगा समाधान**

बताया कि मोहल्ला महायचान की समस्या उनके संज्ञान में है। पनडुब्बी व जरनेटर के माध्यम से पानी की निकासी कराई जाती है। मोहल्ले की समस्या का स्थाई समाधान निकालने का समाधान किया जा रहा है। जल्द की इस समस्या को लेकर प्रस्ताव बनाया जाएगा। **-रमेश सैनी** नगर पालिका के प्रधान

**सीवर लाइन बिछने के बाद ज्यादा समस्या**

करीब पांच वर्ष पहले गली में सीवर लाईन बिछाई गई थी। सीवर में पाईपलाईन काफी छोटी डाली गई थी। बरसात के मौसम में शहर के कई स्थानों में पानी आकर यहां जमा हो जाता है। पाईपलाईन छोटी होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पाती। यहां के लोगों की समस्या से जिला प्रशासन के अधिकारी तथा पार्टी के नेताओं को जानकारी है, लेकिन कोई भी उनकी समस्या का समाधान नहीं करना चाहता है। मोहल्ला निवासी पानी की समस्या को लेकर कई बार जनस्वास्थ्य व नगर पालिका में शिकायत कर चुके हैं, लेकिन प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। गली में पानी खड़ा रहने से बच्चे स्कूल भी नहीं जा पाते। पानी के खड़ा रहने के कारण यहां के लोगों ने अपने दरवाजे के आगे दीवार भी खींच ली है।

# मनोनीत पार्षदों को अग्रवाल सभा ने किया सम्मानित


**नारनौल।** मनोनीत पार्षदों को सम्मानित करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

अग्रवाल सभा की ओर से सोमवार देर सायं सभा भवन में अग्रवाल सभा प्रधान प्रेमचंद गुप्ता एडवोकेट की अध्यक्षता में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें सरकार की ओर से जिले के तीन अग्रवाल बंधुवर सुदर्शन बंसल, अटेली से परमेश्वर दास सिंगल, नांगल चौधरी से गोविंद उर्फ कालू मोदी को पार्षद मनोनीत करने पर सरकार का आभार व्यक्त किया गया। सम्मान समारोह में सुदर्शन बंसल व परमेश्वर दयाल सिंगल का सभा प्रधान प्रेमचंद गुप्ता ने पटका पहनाकर व लड्डू खिलाकर स्वागत किया। व्यापार मंडल के जिला प्रधान बजरंग लाल अग्रवाल ने सुदर्शन बंसल को पगड़ी पहनाकर व आईटीआई चेयरमैन सुरेश चौधरी ने परमेश्वर दयाल को सम्मान सूचक पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। समाज के वरिष्ठ बद्रीप्रसाद गर्ग ने शॉल भेंट कर दोनों पार्षदों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन संदीप गर्ग ने किया। अग्रवाल सभा के पूर्व प्रधान सत्यनारायण गुप्ता, महामंत्री रवी गर्ग, मंत्री कृष्ण कंछल, कोषाध्यक्ष प्रवीण बंसल ने माला पहनाकर व उपस्थित समाज के सभी लोगों ने माला पहनाया।

# रिहायशी क्षेत्र में शराब ठेका खोलने के विरोध में धरना प्रदर्शन जारी

- अभी भी प्रशासन ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया


**मंडी अटेली।** शराब ठेके विरोध में नौवें दिन धरना पर विरोध प्रदर्शन करते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी नहीं हो पाया धन्नौदा रोड से शराब के ठेके हटाने का कार्य पिछले नौ दिनों से शराब की दुकान हटाने को लेकर धरने पर बैठे हुए हैं। स्थानीय लोग आबकारी विभाग के द्वारा नए वित्त वर्ष के दौरान शराब की दुकान रिहायसी क्षेत्र में खोलने को लेकर पिछले नौ दिनों से वार्ड तीन और चार के स्थानीय नागरिक व शहर वासी उमस भरी गर्मी में बरसात के दौरान धरने पर टेंट लगाकर बैठे हुए हैं। अभी भी प्रशासन ने इस और कोई ध्यान नहीं दिया है। अब धरना स्थल पर बैठे हुए लोगों ने आगे की रणनीति बनाने पर विचार–विमर्श किया जा रहा है। धरने में और तेजी लाने के लिए पूरे शहर को लामबंद करने के प्रयास जारी हैं। इस रिहायशी इलाके में शराब का ठेका खोले जाने के विरोध में शहर के सभी वार्ड पार्षद व अध्यक्ष व सामाजिक संगठन के लोग सभी इसका घोर विरोध करते हैं। शहर के वार्ड पार्षदों में एकजुट होकर बताया कि ऐसे रिहायशी क्षेत्र में शराब के ठेके खोलना अनुचित है। शराब के ठेके शहर में बस्ती के बाहर होने चाहिए, ताकि शहर व बस्ती वासी आराम से अपना जीवन यापन कर सके।

## प्रतिबंधित प्लास्टिक मांझा पर कड़ा संज्ञान लेने की मांग


**नारनौल।** चाइनिज मांझा। *फोटो : हरिभूमि*

**नारनौल।** हरियाली तीज का त्यौहार 27 जुलाई को मनाया जाना है, जबकि पतंग उड़ाना इससे पहले ही प्रारंभ हो गया है। इन दिनों पतंग उड़ाने का मौसम चल रहा है, जिसके चलते नारनौल शहर में प्रतिबंधित प्लास्टिक मांझा (चाइनीज डोर) धड़ल्ले से बिक रहा है। यह डोर केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा प्रतिबंधित किया हुआ है, क्योंकि यह तेज होता है टूटता नहीं है और जानलेवा हैं। जागरूक नागरिकों सतपाल, रमेश, अभिषेक, सारांश, अमित आदि ने बताया कि हर वर्ष अनेक मौतें तथा अनेक दुर्घटनाएं इस चाइनीज डोर के कारण होती हैं। यह डोर इतनी तेज होती है कि खींचने से भी नहीं टूटती है। शहर के मौहल्ला चांदुवाड़ा, आजाद चौक के पास दादू गली व अनेक स्थानों पर पतंगें बिक रही हैं तथा इसके साथ-साथ चोरी छुपे प्लास्टिक डोर भी बेची जा रही है। दुकानदार प्लास्टिक का डोर मांगने वाले बच्चों को चुपचाप किसी दूसरे स्थान पर ले जाते हैं और प्लास्टिक डोर देते हैं तथा मनमानी कीमत वसूलते हैं। नारनौल के उपायुक्त महोदय एवं नगर परिषद के अधिकारी इस पर ध्यान दें और कड़ा संज्ञान ले।

# पुलिस ने चलाया झुग्गी झोपड़ियों में सर्च अभियान, पहचान पत्र जांचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल


**नारनौल।** झुग्गी झोपड़ियों में सर्च अभियान चलाती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

पुलिस ने जिलेभर में सर्च अभियान चलाया। सुरक्षा के मद्देनजर व किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से यह अभियान महेंद्रगढ़ क्षेत्र के सभी थाना प्रबंधकों व चौकी इंचार्ज की देखरेख में चलाया गया। इस दौरान झुग्गी झोपड़ियों में रहने वाले लोगों के पहचान पत्र व अन्य कागजात जांचे। पुलिस प्रवक्ता सुमित कुमार ने बताया कि सभी थाना प्रबंधकों ने कमांडो टीमों के साथ मिलकर जिलेभर की झुग्गी झोपड़ियों में सघन जांच अभियान चलाया। उन्होंने बताया कि इस दौरान पुलिस टीमों ने यहां रहने वाले व्यक्तियों के रिहायशी प्रमाण पत्रों की गहनता से जांच की। इसके अतिरिक्त उनके पास मौजूद वाहनों के कागजात भी चेक किए गए। इस अभियान का उद्देश्य झुग्गी झोपड़ियों में रह रहे बाहरी नागरिकों की पहचान करना है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे अवैध रूप से तो नहीं रह रहे हैं। साथ ही यह भी पता लगाया जा रहा है कि कहीं ये लोग अवैध गतिविधियों या नशीले पदार्थों के कारोबार में संलिप्त तो नहीं हैं। अभियान के दौरान निवासियों के पहचान पत्र और अन्य आवासीय दस्तावेजों की भी बारीकी से जांच की गई।

## बैठक में वीरांगनाओं की समस्याओं का किया गया समाधान


**महेंद्रगढ़।** बैठक में भाग लेते पूर्व सैनिक। *फोटो : हरिभूमि*

**महेंद्रगढ़।** भूतपूर्व सैनिक विकास संघ महेंद्रगढ़ के प्रधान सुबेदार रामस्वरूप यादव की अध्यक्षता में स्थानीय यादव धर्मशाला में मासिक बैठक आयोजित की गई। संघ के उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह खेड़ा ने बताया कि बैठक में पूर्व सैनिकों और वीरांगनाओं की पेंशन संबंधित समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया गया। बैठक में आइसीआइसीआई बैंक के मैनेजर नवीन गोयल एवं रिलेशनशिप मैनेजर ज्योति यादव ने भी हिस्सा लेते हुए डिफेंस पेंशनर को बैंक द्वारा दी जाने वाली सुविधाओं के बारे में अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने पूर्व सैनिकों के सवालों के जवाब दिए। इस अवसर पर उपाध्यक्ष कप्तान राजेंद्र सिंह, कप्तान सुरेंद्र सिंह, कप्तान मामराज सिंह, लेफ्टिनेंट सज्जन सिंह, सूबेदार मेजर बाबुलाल यादव, महासचिव सूबेदार ब्रह्म देव आर्य, कोषाध्यक्ष सूबेदार हवासिंह, वासुदेव, होशियार सिंह, संतोष कुमार, हरपाल सिंह, रघुवीर सिंह, रामबीर सिंह, हवलदार भागमल, नारायण सिंह, सत्यपाल सिंह, लाल सिंह,सुमेर सिंह आदि उपस्थित थे।

# मांस की दुकान बंद करने को हिंदू संगठन एकजुट, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

- बजरंग दल के सवितराज यादव ने बताया कि सावन महीना भोले बाबा की भक्ति का महीना है इसमें मांस का सेवन बहुत ही निंदनीय कार्य


**मंडी अटेली।** मांस की दुकानों को बंद कराने लिए ज्ञापन सौंपते हुए। *फोटो : हरिभूमि*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडी अटेली

हिंदू संगठनों ने सावन माह के दौरान मांस की दुकानों को बंद करने की मांग की है। गो रक्षक दल और हिंदू समाज के कार्यकर्ताओं ने अटेली थाने में पहुंचकर प्रभारी देवेंद्र को ज्ञापन सौंपा। इस मौके पर बजरंग दल के सवितराज यादव ने बताया कि सावन महीना भोले बाबा की भक्ति का महीना है इसमें मांस का सेवन बहुत ही निंदनीय कार्य है इसलिए मांस एवं मीट की दुकानें बंद रहें, जिससे मांस का सेवन नहीं किया जाए। सावन मास को अत्यंत पवित्र माना जाता है, जिसमें भगवान शिव की पूजा और आराधना का विशेष महत्व है। इस महीने में हिंदू समुदाय के लोग व्रत, पूजा पाठ और भक्ति में लीन रहते हैं और कुछ लोग अपने फायदे के लिए इस महीने अपनी मीट और मांस की दुकानें खोलते हैं। जिसको जल्द से जल्द पूरे सावन महीने में बंद किया जाना चाहिए। इस मौके पर विक्रम, बिट्टू लंबा, दीपक सुजापुर, प्रवीण बेगपुर, अंकित, प्रेम अटेली, दीपक खोड़, अजीत, अमित खोड, हेमंत, अरुण के अलावा अन्य युवा उपस्थित थे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान आमजन व कांवडियों को कोई असुविधा न हो

- कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक


**नारनौल।** कांवड़ यात्रा को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते एडीसी सुशील कुमार।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

सावन महीने में चलने वाली कांवड़ यात्रा को लेकर मंगलवार को अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार की अध्यक्षता में अधिकारियों की बैठक हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पूजा वशिष्ठ ने भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए।

उन्होंने कहा की कांवड़ यात्रा के दौरान आमजन व कांवड़ यात्रियों को कोई असुविधा नहीं होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन ने कांवड़ यात्रा के दौरान जुगाड़ वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध व ट्रैक्टर ट्रॉली तथा बड़े वाहनों से कांवड़ ले जाने पर पाबंदी लगाई है। इसी तरह डाक कांवड़ में कांवड़ियों द्वारा अपने वाहनों पर डीजे लगाने व बजाने पर पाबंदी है। सभी श्रद्धालु जिला प्रशासन की ओर से जारी की गई हिदायतों का पालन करें। इस बैठक में महेंद्रगढ़ के एसडीएम अनिल यादव, नांगल चौधरी के एसडीएम मनोज कुमार, कनीना के एसडीएम डॉ. जितेंद्र सिंह, नगराधीश मंजीत कुमार, डीएसपी सुरेश कुमार के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद थे।

### तहबाजारी की दुकानों व मंदिर परिसर में सुरक्षा व्यवस्था जांची

# बागोत में कांवड़ मेले की तैयारी का जायजा लिया

- सभी आपातकालीन सेवाओं को तत्पर रहने के दिए दिशा-निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कनीना


**कनीना।** मेले की व्यवस्था का जायजा लेते एसडीएम, नायब तहसीलदार व अन्य।

कनीना-दादरी मार्ग तथा एनएच 152डी के समीप कनीना सब डिवीजन के गांव बागोत स्थित 'बाघेश्वर धाम' में 23 जुलाई को सावन माह की त्रयोदशी के दिन आयोजित होने वाले विशाल कावड़ मेले में शांति व सुरक्षा व्यवस्था को बनाए रखने के लिए एसडीएम डॉ जितेंद्र सिंह अहलावत, नायब तहसीलदार दलबीर सिंह दुग्गल, कानूनगो उमेद सिंह व पटवारी प्रदीप कुमार ने दौरा कर जायजा लिया। उन्होंने तहबाजरी पर लगने वाली दुकानों तथा मंदिर परिसर में कांवडियों के मार्ग का भी अवलोकन किया। प्राकृतिक स्वयंभू शिवलिंग पर जलाभिषेक करने के बाद उन्होंने मंदिर संचालक व पंचायत सदस्यों से भी मेले में की जाने वाली व्यवस्था की जानकारी ली।

बता दें कि इस मेले में हजारों की संख्या में शिवभक्त कांवड़ लेकर आते हैं तथा बाघेश्वर धाम में शिवलिंग पर जलाभिषेक करते हैं। गोमुख, ऋषिकेश व हरिद्वार से रवाना हुए कांवड़ियों का शुक्रवार से पहुंचना प्रारंभ होगा। जो एकादशी, सोमवार तथा त्रयोदशी को कांवड़ अर्पित करेंगें।

कांवड़ मेले में सुरक्षा की दृष्टि से महेंद्रगढ़ जिला प्रशासन द्वारा व्यापक प्रबंध किए जा रहे हैं। कनीना के एसडीएम डा. जितेंद्र सिंह अहलावत ने बताया कि मेले में भीड़ को नियंत्रित करने के लिए जिला प्रशासन की ओर से ड्यूटी मैजिस्ट्रेट की नियुक्ति सहित पर्याप्त संख्या में पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाएगें। जलाशय में स्नान करने वाले शिवभक्तों को गहरे जल में जाने की मनाही होगी।

यातायात को कंट्रोल करने के लिए मुख्य मार्ग सहित मंदिर परिसर तक बेरिकेटिंग की जाएगी। मेले में एंबुलेंस, फायर ब्रिगेड,गोताखोर सहित स्वास्थ विभाग की आपात सेवाओं को भी तत्पर रखा जाएगा।

चेन स्नेचिंग जैसी घटनाओं से निपटने के लिए सादी वर्दी में पुलिस कर्मचारी लगाए जाएंगे।